- **राश्ट्रीय जनतात्रिंक गठबंधन की संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बिहार विधानसभा चुनाव में एन डी ए की जीत पर सांसदों ने बधाई दीं।**
- **राज्यसभा में वन्दे मातरम की डेढ़ सौवीं वर्शगांठ की चर्चा पर गृहमंत्री अमित भााह ने कहा वन्दे मातरम विकसित भारत दो हजार सैंतालीस में भी प्रासंगिक रहेगा।**
- **जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दस दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण जागरूकता कार्यक्रम का समापन हुआ।**
- **पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में इक्यावनवें राष्ट्रीय महिला शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है– द्वीप समूह से चार महिला खिलाड़ी इसमें हिस्सा ले रही है।**

<><><><><><><>

नई दिल्ली में आज संसद परिसर में एन डी ए संसदीय दल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर सहित अन्य NDA सांसद उपस्थित रहे। बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव में एन डी ए की जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी को सांसदों ने सम्मानित किया और बधाई दी।

<><><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने आज संसद में कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम देशभक्ति, त्याग और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बना, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन का मार्ग प्रशस्त किया। आज राज्यसभा में वंदे मातरम गीत की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर चर्चा की शुरुआत करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह अमर कृति भारत माता के प्रति कर्तव्य और समर्पण की भावना जाग्रत करती है। वंदे मातरम की आवश्यकता स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी थी, आज भी है और दो हजार सैंतालीस में जब देश विकसित भारत बनेगा तब भी रहेगी।

<><><><><><><>

भारत सरकार ने आज संसद में ये जानकारी दी है कि इस साल देश में पैंतीस करोड़ सत्तर लाख टन खाद्यान का उत्पादन हुआ है जो पिछले साल से सात दशमलव छह–पांच प्रतिशत से अधिक है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों की कड़ी मेहनत और केंद्र सरकार की नीतियों के कारण यह संभव हो सका है। देश में दो हजार चौबीस–पच्चीस में अब तक का सर्वाधिक फसल उत्पादन रिकॉर्ड किया गया है। दो हजार चौदह–पन्द्रह की तुलना में खाद्यान उत्पादन बयालिस प्रतिशत बढ़ गया है।

<><><><><><><>

पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने लोकसभा में बताया कि सभासार ऐप को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उपलब्ध करा दिया गया है और ग्राम पंचायतें इसे नियमित ग्राम सभा और पंचायत बैठकों के लिए धीरे–धीरे अपना रही हैं। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल बानवे हजार तीन सौ छिहत्तर ग्राम पंचायतों ने स्वचालित बैठक सारांश के लिए सभासार ऐप का उपयोग किया है। श्री सिंह ने बताया कि सभासार एक ए आई– आधारित एप्लिकेशन है, जो ग्राम सभा और पंचायत बैठकों की ऑडियो/वीडियो रिकॉर्डिंग को स्वचालित रूप से टेक्स्ट में बदलता है। यह इस वर्ष चौदह अगस्त को प्रारंभ किया गया था।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय ने राज्य स्वास्थ्य समिति के सहयोग से आयोजित दस दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण जागरूकता कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम में सभी अटठारह शैक्षणिक विभागों और छात्रावासों को शामिल किया गया। इस कार्यक्रम से लगभग दो हजार से अधिक छात्र लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में टेली–मानस, जीबी पंत अस्पताल और एनिम्स के मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दैनिक सत्र आयोजित किए। इन सत्रों में चिंता, अवसाद, जीवनशैली में असंतुलन, स्क्रीन–टाइम प्रबंधन और निर्णय लेने की रणनीतियाँ जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। जे एन आर एम की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने छात्रों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों को प्राथमिकता देने की सलाह दी और उन्हें अपने परिवार, मित्र, शिक्षकों और विशेषज्ञों के साथ अपनी चिंताओं को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में इक्यावनवें राष्ट्रीय महिला शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, इसमें देश भर से एक सौ चालीस प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। अंडमान व निकोबार द्वीप समूह की चार महिला खिलाड़ी—टी. अनीता, टी. द्वीपिका, बी. प्रविना और रशेल मैरी—भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही हैं। चैंपियनशिप ग्यारह राउंड के तहत आयोजित की जा रही है। यह शतरंज प्रतियोगिता तेरह दिसंबर तक चलेगी। ए एन सी ए ने द्वीप समूह के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

<><><><><><><>

नेताजी खेल परिसर में आज 3 बाई 3 ओपन बास्केटबॉल चैंपियनशिप दो हजार पच्चीस का समापन हुआ। खेल एवं युवा कार्य निदेशालय द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के दस और महिला वर्ग की पांच टीमों ने शानदार प्रदर्शन किए। कल खेले गए मैंच में पुरुष वर्ग में KEMS टीम ने अण्डमान वॉरियर्स को इक्कीस – पन्द्रह से हराकर खिताब जीता, जबकि महिला वर्ग में डिफेन्स सिविल टीम ने राइजिंग स्टार को बारह–दस से पराजित कर जीत दर्ज की। शिक्षा एवं खेल निदेशक विक्रम सिंह ने विजेताओं को ट्रॉफी एवं पदक प्रदान कर सभी प्रतिभागियों का प्रोत्साहन बढ़ाया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना और नशामुक्त जीवनशैली को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

<><><><><><><>

दक्षिणी क्षेत्रीय स्कूल स्तरीय बैंड प्रतियोगिता दो हजार पच्चीस का आयोजन हैदराबाद के प्रो जयशंकर तेलंगाना कृषि विश्वविद्यालय, के परिसर में ग्यारह से तेरह दिसम्बर के बीच आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में द्वीप समूह के विभिन्न स्कूलों की बैंड इकाइयाँ भाग लेंगी। द्वीप समूह से विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय लम्बालाइन, के बालक बैंड तथा गर्ल्स स्कूल के छात्राओं की बैंड इकाई इस प्रतियोगिता में द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करेगी। दोनों दल कल हैदराबाद के लिए प्रस्थान करेंगे।

<><><><><><><>

कैंपबेल बे स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले कई महीनों से नेत्र तकनीशियन का पद रिक्त होने से स्थानीय नागरिकों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पहले उपलब्ध नेत्र सेवाएँ—दृष्टि परीक्षण, अपवर्तक त्रुटि मूल्यांकन, मोतियाबिंद जांच और अनुवर्ती उपचार—वर्तमान में बाधित हैं, जिससे वरिष्ठ नागरिक, स्कूल के बच्चे और ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदक विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। नेत्र तकनीशियन की अनुपस्थिति के कारण कई मरीजों को बुनियादी जांच के लिए श्री विजयपुरम की यात्रा करनी पड़ रही है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से PHC कैंपबेल बे में शीघ्र नेत्र तकनीशियन की प्रतिनियुक्ति या पुनर्नियुक्ति की मांग की है, ताकि आवश्यक नेत्र सेवाएँ पुनः शुरू हो सकें।

<><><><><><><>

कार निकोबार में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर ब्लॉक परियोजना कार्यालय ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक प्रदर्शन यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा का उद्देश्य सामाजिक समावेशन और अनुभवात्मक सीख को बढ़ावा देना था। इसके बाद बच्चों का समूह लपाती पहुँचा, जहाँ उन्होंने समुद्र तट पर आनंदपूर्ण वातावरण में समय बिताया। इस पहल से बच्चों को स्थानीय विरासत स्थलों को जानने और मनोरंजक गतिविधियों का अनुभव करने का अवसर मिला।

<><><><><><><>

ब्रुक्शाबाद में कामराज इंग्लिश मीडियम स्कूल, में कल सुबह नौ बजे स्कूल मिनी स्टेडियम में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ए एन सी सी के कमांडिंग ऑफिसर के. वाई. सिंह करेंगे। प्रतियोगिता के विजेताओं को दोपहर एक बजे पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

<><><><><><><>